# समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी सत्यापन के लिए अभियान 31 मई तक

**श्योपुर ब्यूरो।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करने के लिए प्रदेशभर में 1 अप्रैल से 31 मई तक विशेष ई-केवायसी अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिले के तीनों जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं सभी सीएमओ को निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी नागरिकों के समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी सत्यापन कराया जायें तथा शत प्रतिशत पंजीकृत नागरिकों का ई-केवायसी पूर्ण कराने की कार्यवाही की जायें। ई-केवायसी सत्यापन का कार्य नागरिक किसी भी सेवा प्रदाता एजेंसियों, एमपी ऑनलाइन, सीएससी एवं लोकसेवा केन्द्र अथवा रोजगार सहायक, पंचायत सचिव के माध्यम से करा सकते है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों का समग्र पर ई-केवायसी किया जाना है। इस संबंध में नागरिकगण सचिव, जीआरएस सहित लोक सेवा केन्द्रों, ऑनलाइन सेंटर आदि के माध्यम से समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी करा सकते है। इस संबंध में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में संबंधित सीईओ एवं सीएमओ को समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी कराने का कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। ई-केवायसी की प्रक्रिया निशुल्क है। इसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नागरिकों को नही देना होगा। ई-गर्वेनेस मैनेजर श्री धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि समग्र में ई-केवायसी बहुत महत्वपूर्ण है, शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे पेंशन, आवास, छात्रवृत्तियां, लाडली बहना योजना इत्यादि का लाभ लेने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है, इसके साथ ही लोकसेवा केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाओं को प्राप्त करने के लिए भी ई-केवायसी बहुत जरूरी है।

# पीडीएस उपभोक्ताओं के ई-केवायसी की अंतिम तिथि 30 मई

## किसी भी राशन दुकान से अंगूठा लगाकर करा सकते है ई-केवायसी

**श्योपुर ब्यूरो।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत सभी खाद्यान उपभोक्ताओं को 30 मई तक अनिवार्य रूप से ई-केवायसी कराना है। उपभोक्ता किसी भी राशन दुकान पर जाकर पीओएस मशीन के माध्यम से अंगूठा लगाकर ई-केवायसी करा सकते है। 30 मई के बाद जिन उपभोक्ताओं द्वारा ई-केवायसी नही कराया गया है, उनके नाम खाद्यान वितरण सूची से विलोपित कर दिये जायेगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में पीडीएस उपभोक्ताओं के ई-केवायसी का कार्य सतत् रूप से जारी है तथा अभी तक 83 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं की ई-केवायसी कर ली गई है। फूड आफिसर श्री सुनील शर्मा ने बताया कि पीडीएस दुकानों के विक्रेताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के खाद्यान उपभोक्ताओं की ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। ई-केवायसी पीओएस मशीन के माध्यम से थम्ब इम्प्रेशन करके की जा रही है। इसके लिए उपभोक्ता अपना आधार कार्ड और समग्र आईडी लेकर सैल्समैन के माध्यम से ई-केवायसी करा सकते है। उन्होने बताया कि जिले में लगभग 4 लाख 43 हजार उपभोक्ता है, अभी तक 83 प्रतिशत उपभोक्ताओं द्वारा ई-केवायसी करा ली गई है, शेष उपभोक्ता भी 30 मई तक अनिवार्य रूप से राशन दुकानों पर पहुंचकर ई-केवायसी करा सकते है, ई-केवायसी का कार्य पीओएस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। ई-केवायसी किसी भी राशन दुकान से कराई जा सकती है। यदि उपभोक्ता जिले से बाहर है तो मध्यप्रदेश के किसी भी जिले में स्थित राशन दुकान से ई-केवायसी कराई जा सकती है। उन्होने जानकारी दी कि 30 मई के बाद जो उपभोक्ता शेष रहेगे, उनके नाम विलोपित करने की कार्यवाही की जायेगी।

# जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु कार्यक्रम जारी

**दतिया।** अपर संचालक लोक शिक्षण मध्य प्रदेश भोपाल ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को दिए जाने का प्रावधान है। जिनमें कक्षा 9वीं ओपन स्कूल के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। सीटें रिक्त रहने का प्रथमतः वेटिंग लिस्ट से प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 10वीं विद्यालय में कक्षा 9वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 10वीं विद्यालय में कक्षा 9वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 11वीं विद्यालय में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 12वीं विद्यालय में कक्षा 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। सीटें रिक्त रहने पर शाला स्तर से एक विज्ञापन जारी कर रिक्त सीटों को प्रदर्शित करते हुए प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम में 26 मई 2025 को विज्ञापन जारी करना। 26 मई से 31 मई 2025 का आवेदन आमंत्रित करना। 2 जून 2025 को प्राप्त आवेदन के आधार पर मेरिट क्रम में सूची तैयार करना। 7 जून 2025 को प्राप्त आवेदनों की संख्या यदि रिक्त सीटों से अधिक हो तो परीक्षा का आयोजन करना अन्यथा मेरिट क्रम में प्रवेश देना। 9 जून 2025 को रिक्त सीटों पर प्रवेश देने हेतु मेरिट सूची जारी करना। 9 जून 2025 से 14 जून 2025 तक विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश शामिल है।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**दतिया।** सहायक श्रमपदाधिकारी दतिया श्री योगेश सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभागके डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक ूण्केकण्उचण्हवअण्पद पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते है। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंड दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगें 25-25 हजार

**श्योपुर ब्यूरो।** जिन विद्यार्थियों के माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा ली गई बारहवीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक आए है, उन्हें प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनांतर्गत लेपटॉप के लिये 25-25 हजार रूपए की राशि प्रदान की जायेगी। ऐसे सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपना बैंक खाता नम्बर विद्यालय के पोर्टल पर दर्ज कराने का आग्रह किया गया है, जिससे उनके खाते में 25-25 हजार रूपए की राशि पहुँच सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन योजनांतर्गत सिंगल क्लिक के जरिए विद्यार्थियों के खाते में यह धनराशि पहुँचाई जायेगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिले के ऐसे सभी अभिभावकों जिनके बच्चों के नम्बर बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक आए हैं उनसे अपील की है कि वे अपने बैंक खाते सावधानीपूर्वक विद्यालय के पोर्टल पर अवश्य दर्ज कराएं। इसके लिए विद्यार्थी के नाम संचालित बचत बैंक खाता क्रमांक, आईएफएससी कोड, बैंक शाखा का नाम शिक्षा पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए संबंधित स्कूल के प्राचार्य को उपलब्ध कराये जायें। उन्होंने निर्देश दिये है कि जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूलो के प्राचार्य अपने-अपने स्कूलों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर विद्यार्थियों से वांछित जानकारी प्राप्त करें तथा शिक्षा पोर्टल पर खाता नंबर एवं अन्य जानकारी दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने कार्यालय में किसी जिम्मेदार अधिकारी को सावधानीपूर्वक पात्र विद्यार्थी के बैंक खाते की प्रविष्टि के लिये जवाबदेही सौंपें तथा विद्यालयों से संपर्क कर विद्यार्थियों के खाता नंबर की जानकारी प्राप्त करें। योजना के तहत 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ऐसे सभी विद्यार्थियों को 25-25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जायेगी, जिन्होंने 12वीं बोर्ड की परीक्षा किसी भी संकाय में किसी शासकीय अथवा अशासकीय स्कूल से नियमित अथवा स्वाध्यायी छात्र के रूप में पास की है।

# माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्व विद्यालय दतिया में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**दतिया।** निर्देशक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय दतिया डॉ. कपिल राज चंदोरिया ने जानकारी देते हुए बतया कि परिसर में दो मीडिया डिग्री पाठ्यक्रम एवं दो कम्प्यूटर पाठ्यक्रम चलाने जा रहे है। जिन विद्यार्थियों को प्रवेश लेना हो वह उक्त विद्यालय में पहुंचकर प्रवेश ले सकते है। पाठ्यक्रम इस प्रकार है। मास्टर ऑफ आटर्स (जनसंचार) 2 वर्ष के लिए, बैचलर ऑफआटर्स (जनसंचार) 3/4 वर्षीय एनईपी आधारित, पोस्ट गेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन एक वर्ष के लिए तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन एक वर्ष के लिए शामिल है। अधिक जानकारी के लिए राजघाट कालोनी स्थित विद्यालय पहुंचकर कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है।

# खून की कमी (एनिमिया) होने से बचाव

**श्योपुर ब्यूरो।** रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी को खून की कमी कहते है। मानव शरीर में खून की मात्रा आमतौर पर शरीर के वजन के 7 प्रतिशत के बराबर होती है। हीमोग्लोबिन खून में सही होगा तो दिमाग से लेकर दिल तक शरीर में सुचारू रूप से काम करेगा। खून की कमी होने पर कई तरह की समस्या हो सकती है। व्यक्ति के शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाये रखना बहुत जरूरी है। यह बात सिविल सर्जन डॉ. आरबी गोयल ने कही। खून की कमी के लक्षण खून की कमी के कारण व्यक्ति को चक्कर आना, सिरदर्द, त्वचा पीली व सफेद पड़ना, सांस की परेशानी, जीफ व नाखूनों का सफेद होना, कमजोर, थकान, चेहरे व पैरो पर सूजन, दिल की धड़कन तेज होना आदि खून की कमी के लक्षण होते है। खून की पूर्ति करने के लिये व्यक्ति को हरे पत्तेदार सब्जियां, दालें, अंडे, खजूर आदि का सेवन करना चाहिए। विटामिन-सी व प्रोटीन युक्त पदार्थ जरूर लें। घर में रोज जो भी भोजन के साथ लेते है, वह नियमित लें, इसी से खून की पूर्ति होती है। विटामिन-सी युक्त खाना लें, जिससे शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजन बनाये रखने और हीमोग्लोबिन का नॉर्मल स्तर बहुत जरूरी है। एक व्यस्क पुरूष का हीमोग्लोबिन 14 से 18 ग्राम, महिला में 12 से 16 ग्राम होना चाहिये। खून की कमी से बचने के लिये आयरन युक्त भोजन लें।

# पीव्हीटीजी सामुदायिक भवन बडौनी हेतु निविदा आमंत्रित

**दतिया।** प्रभारी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सुश्री गिरिजा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पीव्हीटीजी सामुदायिक भवन बडौनी दतिया के निर्माण हेतु निविदा ऑनलाईन वेबसाइट ूण्उचजमदकमजण्हवअण्पद आमंत्रित की जा रही है। निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 जून 2025 को सायं 5.30 बजे तक कर सकते है एवं निविदा 18 जून 2025 के जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग दतिया में खोली जाएगी। निविदा में समस्त दस्तोवज ऑनलाइन ही मान्य किए जावेंगे।

# रोजगार/स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**दतिया।** जिला रोजगार अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दतिया जिले में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग व्यापार केन्द्र दतिया तथा आईटीआई दतिया द्वारा आज 26 मई 2025 को प्रातः 10.30 बजे से स्थानीय शासकीय आईटीआई वक्सी के हुनमान मंदिर रोड दतिया में रोजगार/स्वरोजगार अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की कंपनियां भाग लेंगी। इच्छुक आवेदक अपने साथ शैक्षिण योग्यता, आधार समग्र आईडी, रोजगार पंजीयन कार्ड, पेन कार्ड, नवीन फोटो अन्य प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। भरती प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है।

# थाना बिजौली पुलिस ने घर से गायब हुए अपहृत नाबालिग बालक को सकुषल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) ग्वालियर श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) द्वारा अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र से गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। ज्ञात हो कि फरियाटी महेष निवासी बिजौली जिला ग्वालियर ने थाना बिजौली में रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 08.05.2025 को उसका छोटा लड़का विनय(परिवर्तित नाम) उम्र 17 साल घर से कहीं चला गया, उसकी तलाश आसपास व पड़ोस में की तो कोई पता नहीं चला और फिर हमने अपनी रिश्तेदारी व अन्य जगह भी तलाश की कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बिजौली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 106/25 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार एसडीओपी बेहट श्री मनीष यादव के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिजौली निरीक्षक प्रीती भार्गव के द्वारा उक्त अपहृत नाबालिग बालक की दस्तयाबी हेतु थाना बल की टीम को लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा अपहृत नाबालिग बालक की पतारसी हेतु रिष्तेदारों से पूछताछ की गई तथा रेल्वे स्टेषन व बस स्टेण्ड पर फोटो दिखाये गये लेकिन कोई पता नही चला, पुलिस की तकनीकी टीम को भी सक्रिय किया गया। दौराने विवेचना आज दिनांक 25.05.2025 को थाना बिजौली पुलिस द्वारा उक्त अपहृत नाबालिग बालक को सकुषल दस्तयाब किया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि बालक घरवालों से नाराज होकर चला गया था। परिजनों द्वारा थाना बिजौली पुलिस द्वारा बालक की तलाष हेतु किये गये प्रयास की सराहना करते हुए बिजौली पुलिस को धन्यवाद दिया।

**सराहनीय भूमिकाः-** उक्त अपहृत बालक को दस्तयाब करने में थाना प्रभारी बिजौली निरीक्षक प्रीती भार्गव, सउनि उदय प्रताप, प्र.आर. पूरन सिंह सिकरवार, प्र.आर. विष्णु यादव, प्र.आर. संजीव यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# माधव नगर में पैदल घूम रही महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर छीनने वाले लुटेरे को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** फरियादिया राजकुमारी जैन पत्नी श्री रमेशचन्द्र जैन उम्र 57 साल निवासी माधवनगर थाना झाँसी ने थाना पर रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 24.05.2025 के रात्रि करीब 08.00 बजे के लगभग वह माधवनगर गेट के पास पार्क में अपनी पड़ोसिन के साथ घूम रही थी, तभी एक लड़का पैदल-पैदल मेरे पीछे आया और मेरे गले में डली सोने की चेन, झपट्टा देकर खीचकर भाग गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना झांसीरोड में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 187/25 धारा 304(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पैदल घूम रही महिला के साथ हुई उक्त लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भा.पु.से) के द्वारा अति पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) को थाना झांसीरोड पुलिस की टीम बनाकर चेन लुटेरे की शीघ्र पतारसी कर पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के निर्देष पर पुलिस की टीम को लूट की घटना का खुलासा करने हेतु लगाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी विष्वविद्यालय सुश्री हिना खान के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झांसीरोड उप निरीक्षक अवधेष सिंह कुषवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाकर संदिग्धों की तलाष की गई। आज दिनांक 25.05.2025 को दौराने विवेचना जारिये मुखबिर सूचना मिली कि माधवनगर गेट पार्क के पास एक महिला की झपट्टा मारकर सोने की चेन छिनने वाला बदमाष काली शर्ट पहने हुए नीडम रोड पुल के नीचे छिपा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचे तो एक लड़का काली शर्ट पहने नीडम पुल के पास खड़ा दिखा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ा और पूछताछ करने पर उसने निवासी हरिदर्शन स्कूल के पीछे रानीपुरा हाँल नवाब कालोनी हरिशंकरपुरम ग्वालियर का होना बताया। पकड़े गये बदमाष से उक्त चेन लूट के संबंध में पूछताछ करने पर उसने स्वेच्छा से बताया कि मैने 24.05.25 के रात्रि लगभग 08.00 बजे माधवनगर गेट के पास, पार्क से एक महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर छीन ली थी और मौके से भाग गया था।

उक्त चेन मैने अपने घर नबाब कालोनी हरिशंकरपुरम में छिपाकर रख दी है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लुटेरे की निषादेही पर उसके घर से दो टुकड़े में सोने की चेन को बरामद कर जप्त किया गया। थाना झांसीरोड पुलिस द्वारा पकड़े गये चेन लुटेरे को अप0क्र0 187/25 धारा 304(2) बीएनएस में विधिवत गिरफ्तार कर उससे क्षेत्र में हुई अन्य घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**जप्त मषरूकाः-** एक सोने की चेन दो टुकडे में कीमती लगभग 60 हजार रूपये।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी झांसीरोड उप निरीक्षक अवधेष सिंह कुषवाह, प्र.आर. उत्तम सिंह, आर. कमल राजपूत, आर. रामकेष गुर्जर, आर. रवि सैमिल, आर. अरविन्द गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही है।

# पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत कि दृढ़ता का प्रतीक



**भोपाल/दतिया।** दतिया स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मे रविवार को पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सुना। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि पूरे देशवासी प्रधानमंत्री के विचारों से पूर्णतः सहमत हैं और वर्तमान में आतंकवाद के खिलाफ जो राष्ट्रीय भावनाएं हैं, वे गुस्से से भरी होने के साथ-साथ संकल्पबद्ध और संयमित भी हैं। डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस और शौर्य ने देशवासियों के मन में गर्व और आत्मविश्वास भर दिया है। यह ऑपरेशन अब दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ता और रणनीतिक क्षमता का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि ÷हर भारतवासी का यह संकल्प है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया जाएगा। हम सभी प्रधानमंत्री मोदी जी और भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की जय के नारों के सभागृह गूंज गया।

# घायल महिला को कृषि मंत्री के पुत्र ने पहुंचाया अस्पताल

## शादी समारोह से लौट रहे थे मंत्री कंषाना के पुत्र, मैथाना गांव के पास हुआ था हादसा

**मुरैना,कांस।** सरायछौला क्षेत्र के मैथाना गांव में शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे मप्र के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के सुपुत्र कप्तान सिंह बंकू कंषाना ने जब सडक़ पर एक महिला को घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो उन्होंने साथियों की मदद से महिला को अपने वाहन में बैठाया और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री श्री कंषाना के सुपुत्र युवा भाजपा नेता कप्तान सिंह कंषाना रविवार को मैंथाना गांव पहुंचें। यहां शादी समारोह में शामिल होने के बाद वे अपने निजी वाहन से जब लौट रहे थे। तभी रास्ते में महिला मीरा पत्नी रामसहाय निवासी अजनौधा घायल अवस्था में पड़ी हुई दिखाई दी। वाहन को रोककर श्री कंषाना मौके पर पहुंचें, तब पता चला कि जख्मी महिला मीरा अपने पति और बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर अजनौधा से मैथाना गांव जा रही थी, स्पीड ब्रेकर से जब बाइक गुजरी तो महिला अपना संतुलन खो बैठी और सडक़ पर गिर पड़ी। युवा नेता श्री कंषाना, जख्मी महिला मीरा को अपने वाहन से तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है।



# थाना भितरवार पुलिस ने ग्राम सहारन में हुए हत्याकाण्ड के आरोपी को ग्वालियर रेलवे स्टेषन से किया गिरफ्तार

## उक्त प्रकरण का आरोपी ग्वालियर से नेपाल के रास्ते विदेश भागने की फिराक में था। आरोपी की तलाष में पुलिस द्वारा पटियाला और दिल्ली में उसके छिपने के ठिकानों पर दबिष दी थी।

**ग्वालियर।** थाना भितरवार क्षेत्रांतर्गत दिनांक 22.05.2025 की रात में पारिवारिक विवाद को लेकर सगे साले की गोली मारकर हत्या एवं पत्नि को गोली मारने दी थी। जिस पर से थाना भितरवार के अप.क्र. 120/25 धारा 103,109 बी.एन.एस. का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री निरंजन शर्मा को थाना बल की टीम बनाकर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तत्काल कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। इसी दौरान थाना प्रभारी भितरवार निरी0 श्री हितेन्द्र सिंह राठौर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना भितरवार के अप.क्र. 120/25 घारा 103,109 बी.एन.एस का आरोपी पटियाला पंजाब पहुंच गया है उक्त सूचना से एसडीओपी भितरवार श्री जितेन्द्र नागाईच को अवगत कराया गया जिस पर एसडीओपी भितरवार द्वारा अबिलंब थाना प्रभारी को एक टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी भितरवार स्वयं हमराह बल के साथ आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रवाना हुए और आरोपी की तलाश हेतु पटियाला में दबिश दी गई तो ज्ञात हुआ कि आरोपी दिल्ली निकल गया है। पुलिस टीम द्वारा दिल्ली में दबिश देने पर जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी जलालपुर ग्वालियर में अपना पासपोर्ट उठाने गया है। आरोपी की तलाश में जलालपुर पहुंचे तो जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी पासपोर्ट लेकर विदेश भागने की फिराक में है और ग्वालियर रेल्वे स्टेशन से ट्रेन पकडकर विदेश भागने की फिराक में है उक्त सूचना पर से आरोपी की तलाश ग्वालियर रेल्वे स्टेशन पर की गई तो आरोपी ग्वालियर रेल्वे स्टेशन के बाहर खड़ा मिला बाद आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया है जिससे पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया साथ ही बताया कि ग्वालियर से विदेश भागने की फिराक में था आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा।

**सराहनीय भूमिकाः** थाना प्रभारी भितरवार निरी0 हितेन्द्र सिंह राठौर, उनि0 चंद्रशेखर सिंह कुशवाह, उनि आकाश आर्य, प्रआर. राजेश तोमर प्रआर, अनिल शर्मा, आर गौरव सेंगर, आर. जयवीर सिंह, आर. धर्मेन्द्र बघेल, आर. सत्यभान लोधी, आर शिवम, आर. गौरव जाट, आर.प्रवीण जाट, आर.पुष्पेन्द्र रावत, आर. शिवराज धाकड़, आर. धीरज एवं समस्त स्टॉफ थाना भितरवार की सराहनीय भूमिका रही। साथ ही उनि. शैलेन्द्र गुर्जर थाना प्रभारी चीनौर, उनि. अजय सिकरवार थाना प्रभारी बेलगढ़ा एवं उनकी टीम का भी विशेष योगदान रहा।

# हमें जागरुक रहकर सवैधानिक मूल्य की रक्षा करनी है : कैलाश पाराशर

## कोई भी समाज मूल्यों के बिना तरक्की नही कर सकता है : जयसिंह जादौन, हम सिर्फ सही और गलत क्या है यह समझ जाएंगे तो हम सवैधानिक मूल्यों की रक्षा कर पाएंगे : एडवोकेट सरफराज नकवी



**श्योपुर।** संवेधानिक चेतना मंच की बैठक मेरी पहचान संविधान अभियान के तहत महात्मा गांधी सेवा आश्रम में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता गायत्री परिवार के जिला समन्वयक चौथमल शर्मा जी ने की सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कार्यकम के सूत्रधार जयसिंह जादौन ने बताया कि कोई भी समाज मूल्यों के बिना तरक्की नही कर सकता है उस हेतु मूल्य जरूरी है मानवीय मूल्यों की रक्षा हेतु ही भारतीय संविधान में संवैधानिक मूल्यों को जोड़ा गया है संविधानिक मूल्य की रक्षा के लिए ही मौलिक अधिकारों को लागू किया गया है अतः संवैधानिक चेतना मंच के सभी साथी संवैधानिक मूल्य को ठीक से पहचान सके और संवैधानिक मूल्य पर जीवन जी सके इसी हेतु संवैधानिक चेतना मंच का गठन किया गया है दूसरों से ज्यादा हम स्वयं अमल कर सकें कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए समाजसेवी कैलाश पाराशर जी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि संविधान निर्माण के साथ-साथ संविधान में जो मूल्य संविधान निर्माता ने हमें दिए उन मूल्यों के साथ पूरे देश में खिलवाड़ हो रहा है संविधान के साथ छेड़छाड़ हो रहा है यह संकट का दौर है और इस दौर में विचारों को दबाने की कोशिश की जा रही है अतः हमको जागरूक रहकर संवैधानिक मूल्य की रक्षा करनी है कार्यक्रम में एडवोकेट आकाश तिवारी जी ने भी अपनी बात रखी और न्याय के मूल्य पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि आम गरीब आदमी को सहजता से न्याय नहीं मिल पाता है इसलिए हमारी कोशिश रहती है कि हम लोगों को न्याय दिलाने में मदद कर सके और वह हमने किया भी है एडवोकेट सरफराज नकवी ने अपनी बात रखते हुए कहा है कि हम सिर्फ सही और गलत क्या है यह समझ जाएंगे तो हम संवैधानिक मूल्यों की रक्षा कर पाएंगे समाज से भी राम लखन प्रजापति ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमें लोगों को जागरुक कर रहे है ताकि लोग मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य को भी जाने और उनकी रक्षा के लिए कार्य करें राधावल्लभ जांगिड़ द्वारा अपनी बात रखते हुए कहा कि गरीब लोगों के साथ हर पल अन्याय होता रहता है अगर हम जागरूक हैं तो लोगों को न्याय दिला सकते हैं इसका उदाहरण भी उन्होंने एक गांव में लोगों को मनरेगा की मजदूरी दिलाने के उदाहरण के साथ अपनी बात को रखा श्रीमती कुसुम मथुरिया ने बताया कि हम लोग मूल्यों को जानकर ही मूल्यों को जिएंगे तो लोगों के हक अधिकार और दूसरों के साथ भेदभाव नहीं करेंगे अगर हम मूल्यों को जानेंगे नहीं तो जियेंगे कैसे चौथमल शर्मा जी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हम भारत के लोग में ही संविधान ने सब को जोड़ दिया है यह संविधान जनता का जनता के लिए जनता के द्वारा बनाया हुआ संविधान है उसके अनुसार चलेंगे तो देश में इसी तरह का भेदभाव नहीं होगा कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर गायत्री परिवार से चौथमल शर्मा जयसिंह जादौन एडवोकेट सरफराज नकवी आकाश तिवारी राधावल्लभ जांगिड़ राम लखन प्रजापति श्रीमती कुसुम मथुरिया श्रीमती संगीता भारद्वाज श्रीमती गायत्री सेन रंजीता आदिवासी ने भाग लिया अंत में कार्यक्रम के सूत्रधार जयसिंह जादौन द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

## फिजीकल पुलिस ने चोरी की 4 मोटर साइकिलों के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** फिजीकल थाना पुलिस ने चोरी की 4 मोटरसाइकिलें के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। बरामद की गई मोटरसाइकिलों की कीमत 2 लाख रूपए बताई गई है। विदित हो कि 19 मई को जाग्रत गोस्वामी ने फिजीकल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल सिद्धेश्वर मेला ग्राउण्ड से चोरी हो गई थी। फिजीकल थाना प्रभारी नवीन यादव के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में चैकिंग के दौरान करबला के पास एक संदिग्ध युवक मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अरविंद पुत्र खच्चू राम रावत निवासी ग्राम देहरोद, थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी का रहने वाला है। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 33 एमजेड 7867 को 12 मई की रात चोरी किया था। पूछताछ में आरोपी ने तीन और मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वाहनों को बाजाघर के पास एक खंडहर में छिपाकर रखा है। पुलिस ने वहां से काले रंग की हीरो एचएफ डीलक्स, काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस और लाल रंग की हीरो स्प्लेंडर प्रो बरामद की। आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 35(1)(ई), 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। चारों मोटरसाइकिलें जप्त कर ली गई हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक नवीन यादव, सउनि हरीश सोलंकी, प्रआर अंकित सिह, अमित कुमार, आर. हरिओम रावत, पुष्पेन्द्र रावत, सैनिक रिन्कू बाथम की अहम भूमिका रही।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली 6 बसों पर चालानी कार्रवाई



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोतवाली थाना पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को 6 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 3000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मई 2025 को कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कठमई तिराहे पर बसों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 3 बसों में फर्स्ट एड किट नहीं पाई गई, जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 176/177 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, 3 अन्य बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं मिलने पर धारा 180/177 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक बस पर 500 रुपये का चालान बनाया गया। कुल 6 बसों से 3000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़, सउनि आविद खान, प्रआर रविन्द्र सिनोरिया, महेश भास्कर, देवेन्द्र पाराशर, आर. भूपेन्द्र यादव की विशेष भूमिका रही।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व.जयकिशन शर्मा पत्रकारिता सम्मान समारोह आज

### विचार गोष्ठी एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले लोगों का किया जाएगा सम्मान

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रदेश की पत्रकारिता में अपना नाम रोशन करने वाले स्व. जयकिशन शर्मा की आज 26 मई को 15 वीं पुण्यतिथि है। उनके नाम से पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज मातोश्री होटल ग्वालियर वायपास रोड़ पर सुबह 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री शर्मा की पुण्यतिथि पर पत्रकारिता सम्मान,विचार गोष्ठी के साथ सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। स्व. जयकिशन शर्मा की पत्रकारिता एक जुझारूपन, कुशल लेखनी के लिए जानी पहचानी जाती थी। वरिष्ठ पत्रकार स्व. शर्मा का 26 मई 2010 को लम्बी बीमारी के कारण अल्प आयु में निधन हो गया था। उनके पत्रकारिता जीवन की यादों को




नियमित रूप से संजोए रखने के लिए उनके पुत्र लालू शर्मा एवं पत्रकारों द्वारा प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्य तिथि पर पत्रकारिता सम्मान के साथ सामाजिक एवं कई अनेक आयोजन किए जाते हैं। पत्रकारिता सम्मान समारोह के आयोजन में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, पत्रकारों के साथ अनेक गणमान्य नागरिक, शामिल होगे।

## पहले तथ्यों का संकलन कर प्रकाशित करते थे समाचार, लेकिन अब दृष्टि बदल गई है: राजेश वाधवानी

### आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती उत्कृष्ट पत्रकारिता का सम्मान समारोह का आयोजित



**शिवपुरी ब्यूरो।** राष्ट्रीय चेतना प्रसारण न्यास द्वारा आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के अवसर रविवार को उत्कृष्ट पत्रकारिता का सम्मान समारोह नक्षत्र गार्डन शिवपुरी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राजेश वाधवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का जो विषय हैं, पत्रकारिता तब से अब तक की चर्चा करना तो सहज हैं लेकिन मैं बात करता हूं कि पहले पत्रकार इन छह सूत्रों को लेकर कार्य करते थे जिनमें उद्यमशीलता, साहस, नैतिकता, देशभक्ति, सर्वमान्यता और विवेकशीलता लेकिन अब पत्रकार इन छह शब्दों को अधिकांशतः विल्पुत कर चुके हैं इसलिए पत्रकारिता भी विल्पुत हो गई है। लेकिन पहले दृष्टिकोण मतलब उद्यमशीलता पहले पत्रकार स्वयं घटना स्थल पर जाते थे और घटना के तथ्यों को संकलन करते थे और उन पर विश्लेषण कर फिर समाचार प्रकाशित करते थे, लेकिन अब पत्रकारों को दृष्टिकोण बदल गया हैं, अब तकनीकी रूप से पत्रकार उन्नत हो गए हैं और ऑफिस में बैठकर मोबाइल से वीडियो को सुनकर अपने पक्ष के आधार पर समाचार प्रकाशित कर देते हैं। वहीं अध्यक्षता कर रहे पत्रकार प्रमोद भार्गव ने नारद जी के काल खण्ड के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की और उन्होंने सूत्र वाहक के रूप में नारद जी को बताया श्री भार्गव ने आगे कहा कि पूर्व में पत्थर फैक्ट्री के रूप में भगवान लाल चौकसे और अब समाजसेवी रमेशचन्द्र अग्रवाल वीरा सेठ ने शिवपुरी जिले के बदरवास कस्बे से जैकिट के माध्यम से देश ही नहीं विदेशों में नाम पहुंचाने का काम किया है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी रमेशचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता के कारण समाज को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों को समाज में ले जा कर लोगों को प्रेरणा देने का कार्य भी पत्रकार करते हैं। शहर में संचालित अपना घर आश्रम में रहने वाले प्रभू जी पत्रकारों के कारण ही वर्षो बाद अपने परिजनों से मिल पाते हैं। इस अवसर पर जिला संघ चालक राजेश गोयल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देवऋषी नारद की जयंती मनाने के पीछे क्या हेतु हैं इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ देवऋषी नारद एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात प्रचार विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख अजय राजपूत, जिला प्रचार प्रमुख विक्रांत सिंह सेवा विभाग के अतुल शर्मा, सदभावना के विभाग संयोजक उमेश भारद्वाज अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रीय चेतना प्रसारण न्यांस के पूर्व सचिव राजेश भार्गव एवं संचालन वरिष्ठ पत्रकार बृजेश तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पत्रकारों को प्रेरणदायी साहित्य भी भेंट किया गया।

**इन पत्रकारों का किया गया सम्मान**

आद्य पत्रकार देव ऋषि नारद जयंती उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान समारोह में राष्ट्रीय चेतना प्रसारण न्यास द्वारा उन पत्रकारों का सम्मान किया गया जो 30 साल से अधिक समय तक पत्रकारिता करते चले आ रहे हैं। इन पत्रकारों द्वारा अपनी लेखनी के माध्यम से समाज राष्ट्रहित के लिए जन जागरण का कार्य किया है। साथ ही जिले में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। सम्मानित पत्रकारों में प्रमोद भार्गव, अशोक कोचेटा, वीरेन्द्र शर्मा भुल्ले, अनुपम शुक्ला, आलोक एम इंदौरिया, विपिन शुक्ला, उमेश भारद्वाज, सेमुअल दास, अभय कोचेटा, अशोक अग्रवाल, अतुल गौड़, फरमान अली, परवेज खांन, रंजीत गुप्ता, बृजेश तोमर, विकास पाण्डेय, करैरा से पत्रकार नरेन्द्र तिवारी सहित मातृ शक्ति में पूनम पुरोहित, मणिका शर्मा, आरती जैन, काजल सिकरवार, शुभ्रा शर्मा सहित अन्य महिला पत्रकारों का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

## 100 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियांधाना थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की कैनों में हाथ भट्टी की बनी 100 लीटर कच्ची शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 20 हजार रूपए बताई गई है।

खनियांधाना थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के अनुसार आज सुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति दो प्लास्टिक की केनो में अवैध रूप से शराब लिये बिक्री करने के उद्देश से बगदन नदी के पास कंजवाह पर खडा है। मुखबिर की सूचना से हमराही फोर्स को अवगत कराया मुखबिर के बताये स्थान पर पहुचा तो एक व्यक्ति पेड के नीचे दो प्लास्टिक की केने लिये खडा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा व नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रामप्रसाद पुत्र प्रेमा उर्फ प्रेमनारायण साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम अछरौनी आरोपी से दोनो केनो में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब लगभग 50-50 लीटर कुल 100 लीटर भरी हुई थी। आरोपी से शराब रखने का लाइंसेंस चाहा तो न होना बताया आरोपी का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय पाया जाने से शराब को मौके पर जप्त की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के खिलाफ अप.क्र.248/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्वाई में नरी सुरेश शर्मा, कार्यवाहक प्रआर नरेन्द्र सिंह पाल, प्र.आर. हीरा पाल, आर. बाबूलाल पाल, सत्यवीर गुर्जर, संदीप जाटव, रवि कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## धर्म और नीति के हर क्षेत्र में देवी अहिल्याबाई होलकर का नाम अजर-अमर : भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव

### पुण्यश्लोक मातोश्री अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पीजी कॉलेज शिवपुरी में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



**शिवपुरी ब्यूरो।** जन कल्याण के क्षेत्र में रानी अहिल्याबाई होलकर ने अनेक लोकहितकारी कार्य किए. वे अपनी प्रजा को पुत्रवत मानती थीं. अपने शासनकाल में उन्होंने किसानों का लगान कम किया, कृषि, उद्योग धंधों का विकास किया. अहिल्याबाई का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था. उक्त विचार पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास. पी.जी. कॉलेज शिवपुरी में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर की धार्मिकता इतनी उदार थी कि धर्म और नीति के हर क्षेत्र में उन्होंने अपना नाम अजर-अमर कर दिया. कोई भी महिला सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है, इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही व्यक्ति में इतने गुणों का समावेश होना दुर्लभ होता है जितने सद् गुणों का समावेश अहिल्याबाई होलकर के जीवन में था. धर्माचरण, सुशासन, न्यायप्रियता, विद्वानों का सम्मान, दानशीलता, उदार धर्मनीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग, बलिदान, साहस, शौर्य जैसे गुणों से अहिल्याबाई होलकर का जीवन परिपूर्ण था. पूर्व विधायक जसमंत जाटव ने कहा कि हमारे देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देवी अहिल्याबाई होलकर की इतिहास के पन्नों में दर्ज भूमिका से प्रेरणा लेकर ठीक उन्हीं की तरह सुशासन और न्यायप्रियता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं. पुण्यश्लोक मातोश्री अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यानमाला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर दिग्विजय सिंह सिकरवार ने कहा कि मातोश्री जहां रहती थीं महेश्वर में उनके महल में हमें ऐश्वर्य जैसा कुछ भी दिखाई नहीं देता है. साधारण से भी साधारण है उनका महल. ऐश्वर्य की कोई जगह नहीं है उनके महल में. निजी पैसे को उन्होंने अपने महल में ऐश्वर्य और सुख सुविधाओं के विस्तार के लिए खर्च नहीं किया बल्कि लोकहितकारी कार्यों में अपने निजी पैसे को वे हमेशा लगाती रहीं. वे पशुओं के लिए अभ्यारण्य बना रहीं थीं, पक्षियों के लिए और मछलियों के लिए अभ्यारण्य बना रहीं थीं, तीर्थों और मंदिरों का पुनर्निर्माण कर रहीं थीं, नदियों, तालाबों के किनारे घाट बना रहीं. वाटर कंजर्वेशन का जितना काम मातोश्री ने किया उतना आज कल्पना करना भी कठिन है. उन्होंने बावडियां बनाई. उन बावडियों को संरक्षित करने के लिए वहां मंदिर बनवा दिए. टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए उन्होंने जो काम किया, जो फाउंडेशन तैयार किया उसी का परिणाम है कि आज महेश्वर की साडियां दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और इंदौर उद्योग-व्यापार का बड़ा केन्द्र बना है। व्याख्यान कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित भार्गव ने दिया. उन्होंने देवी अहिल्याबाई होलकर की व्यक्तित्वगत विशेषता को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राचीनता और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय उनके व्यक्तित्व में देखने को मिलता है. कार्यक्रम को अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह के जिला संयोजक गोपाल पाल ने भी संबोधित किया. व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रमेंद्र सोनू बिरथरे, अशोक खंडेलवाल, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अमित भार्गव, प्राचार्य डॉ. पवन श्रीवास्तव मंचासीन थे. कार्यक्रम में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवनवृत्त और कृतित्व पर अपने विचार रखे. भाषण प्रतियोगिता में मुकुल पाण्डेय, एलएल.बी. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. रिंकी मौर्य एलएल.बी. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. नंदिनी शर्मा ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया. भाषण प्रतियोगिता में समृद्धि गुप्ता, पलक शर्मा, हिमांशी, शंकर जाटव एवं रौनक शर्मा ने भी सहभागिता की. कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. पवन श्रीवास्तव ने व्यक्त किया. कार्यक्रम के संचालन की कमान जन अभियान परिषद के ब्लॉक कॉर्डिनेटर शिशुपाल सिंह जादौन ने संभाली. व्याख्यान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रोफेसर महेंद्र कुमार, प्रो. राजीव दुबे, प्रो. जयप्रकाश श्रीवास्तव, प्रो. पुनीत कुमार, जनभागीदारी समिति सदस्य रेणु अग्रवाल, सच्चिदानंदगिरी गोस्वामी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## विधायक जैन वात्सल्य गृह आश्रम बच्चों के साथ सिद्धेश्वर मेला पहुंच, बच्चों को खिलाई सॉफ्टी-चाट, झूले झुलाकर दिलवाए खिलौने

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के विधायक देवेंद्र जैन ने मंगलम वात्सल्य गृह आश्रम में रह रहे बच्चों के साथ शनिवार की शाम सिद्धेश्वर मेले में बिताई। विधायक ने बच्चों के साथ झूले झूले और उनकी पसंद की चीजें खिलाईं। विधायक जैन ने बच्चों को सॉफ्टी और चाट जैसे व्यंजन खिलाए। साथ ही उन्हें पसंदीदा खिलौने भी दिलवाए। मेले में बच्चों के साथ बिताया गया समय उनके लिए यादगार रहा। बच्चों की आंखों में खुशी और चेहरों पर मुस्कान देखी गई। विधायक जैन ने बताया कि ये पहल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य



सिंधिया के सुझाव पर की गई। सिंधिया का मानना है कि बच्चों को कभी अकेलापन महसूस नहीं होना चाहिए। समाज को उनके परिवार के रूप में साथ देना चाहिए।

## अहिल्याबाई होल्कर की भव्य शोभा यात्रा 26 को

**शिवपुरी ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 26 मई 2025 को भव्य शोभायात्रा, अहिल्याबाई के शासन व्यवस्था पर आधारित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, कार्यक्रम के जिला संयोजक इंजी. गोपाल पाल दद्दा ने बताया देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जन्म जयंती पर इस वर्ष पूरे भारत में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 मई से 31 मई तक कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित किया जा रही है जिसमें प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 26 मई को दोपहर 1 बजे से देवी अहिल्याबाई होलकर की शोभा यात्रा, संगोष्ठी, प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी मंडल एवं बूथ, मोर्चा एवं जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।




## जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया शुरू, 4 जून तक चलेगी आवेदन प्रक्रिया

**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा इकाइयाँ गठित किए जाने के निर्देशों के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को गाँव स्तर तक सुदृढ़ करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 500 नए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अंतर्गत चयनित स्वयंसेवकों को 10 दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए जिले के छह उपखंडों से कुल 500 स्वयंसेवकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धौलपुर से 100, बाड़ी से 90, सैंपऊ से 80, बसेड़ी से 80, सैपऊ से 70 और राजाखेड़ा से 80 स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत आरक्षित संख्या सहित कुल 550 अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। चयन की प्रक्रिया में ऐसे स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए उपयुक्त योग्यता रखते हों। इनमें शिक्षक, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, स्वैच्छिक कार्यकर्ता, वाहन चालक, तकनीकी कर्मचारी, राजमिस्त्री, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, स्काउट्स एवं नेहरू युवा केंद्र के सदस्य शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उपखंड स्तर पर पंजीकृत कर उन्हें 10 दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, वे मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम होने चाहिए, तथा उनका पुलिस सत्यापन पूर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के व्यय पर प्रशिक्षण के लिए तैयार रहना होगा। आवेदन प्रक्रिया 24 मई से शुरू हो गई है, जो 4 जून तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर उपखंड कार्यालय में जमा कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की सूची 5 जून 2025 तक जिला मुख्यालय में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके उपरांत प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अवैतनिक होगा।

## हानिकारक रसायनों के प्रयोग की आशंका पर फलों के लिए 8 नमूने

**धौलपुर ब्यूरो।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार फलों और सब्जियों में हानिकारक रसायनों की मिलावट के विरूद्ध ने चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को धौलपुर सब्जी मंडी परिसर में प्रतिष्ठानों निरीक्षण कर फलों की जांच की गई। जांच के दौरान मौसमी




फलों के सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि फलों को कैल्सियम कार्बाइड से फलों को पकाना खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। कार्रवाई के दौरान मंडी परिसर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों से फलों के कुल 8 नमूने लिए गए। ये नमूने प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे, जहां इनमें रंग, कृत्रिम मिठास और अन्य संभावित हानिकारक रसायनों की जांच की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके। साथ ही व्यापारियों को भी चेताया गया कि यदि किसी भी प्रकार की मिलावट पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मत्सूरा और मढ़ा कांकोली के पंचायत उपचुनाव के लिए चुनाव टीम को प्रशिक्षण देकर किया रवाना

**धौलपुर ब्यूरो।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में पंचायत समिति बाड़ी की पंचायत सर्कल मत्सूरा के वार्ड 9 एवं सैंपऊ की पंचायत सर्कल मढ़ा कांकोली के वार्ड 8 के पंच निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 50 में संपन्न हुआ। रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए एसएलएमटी अतुल चौहान ने लोक सूचना के सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करने के साथ नाम निर्देशन पत्र वितरण, उनकी प्राप्ति के बाद संवीक्षा, नाम वापसी संबंधी प्रशिक्षण देते हुए नाम निर्देशन पत्र में सभी स्थानों पर हस्ताक्षर होने, क्रियाशील शौचालय की घोषणा एवं गवाह हस्ताक्षर के साथ मतदाता सूची का अवलोकन कर अभ्यर्थी के नाम और क्रमांक की भली भांति जांच करने को कहा। इस अवसर पर निर्वाचन तहसीलदार रघुवीर सिंह ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर रिटर्निंग अधिकारी को अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिशः 26 मई सोमवार को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा सकेंगे। इनकी संवीक्षा मंगलवार 27 मई को प्रातः 10 बजे से होगी और अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिशः मंगलवार को ही दोपहर 3 बजे से पूर्व देनी होगी। प्रशिक्षण में रिटर्निंग अधिकारी रघुवर दयाल शर्मा, पंकज जैन, मुकेश कुमार सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामकुमार, योगेंद्र सिंह, भूदेव सहित अतिरिक्त विकास अधिकारी होतम सिंह एवं वरिष्ठ सहायक गौरव शर्मा उपस्थित रहे।

